[Shri Krishna Chandra Halder]

handle such cases directly i.e. without a reference being made to them but since "Section 31 of the Act makes no reference to the Commission's undertaking such enquiries on its own knowledge or information. There is thus no proper co-relation between the provisions of Section 10 (b) and Section 31. This is a handicap to the commission in pursuing this aspect of its responsibilities."

Therefore I feel that the M.R.T.P. Act should be suitably amended so that the Comission may function more effectively. Sir, we know that at the time of issue of an industrial licence, the applicant has to give a declaration whether he is associated with a monopoly houses or the larger business houses. But it is well known that the monopoly capitalists are evading such a declaration through *benami*, deals, e.g., the Birlas are taking new licences in the names of Bajorias Kanorias etc. Sir, the Commission has got an intelligence wing. But the industries department of the Government has no such intelligence wing to detact such *benami* trnasactions.

Sir, in our country the quantum of foreign capital is also on the increase. About Rs. 418 crores of foreign capital is invested in our country. The case of Coca Cola Company was discussed in the House today. Sir, all these foreign companies like Coca Cola, Britannia Dunlop. Colgate are remitting large amounts of profit abroad. A study made by the U.N. in the context of foreign investment in Asian countries says: "This experience has been as follows. The greater the inflow of foreign investment, the greater has been the outflow of profits interest, service charges, consultancy fees, royalties etc." U.N. study has shown that on royalties and fees alone the developing countries are paying about 7 per cent of their export earnings and 0.8 per cent of their gross domestic product to foreigners etc."

Sir, what I want to stress is that we should take all possible measures to prevent concentration of wealth and disparities in the wage structure. I strongly feel that a national wage policy is very necessary to abolish disparities in wages. No revolutionary change is possible through such cooperatives. Concentration of wealth is taking place in cities as well as in rural areas. What is the solution of this problem? The solution is that radical land reforms should be initiated in the rural areas immediately. Land must be given to the tillers and to all those who work in the fields. All the monopoly capitalists, Indian as well as foreign must be nationalised. If we fail to do these, poverty can never be abolished or even reduced. Socialism will never come to this land. All that will remain mere empty talk. The poor masses will have to take to the path of the revolution and they will shatter the present capitalists society. No other course is open to them. Take note for this warning.

---

**18.10 hrs.**

## HALF-AN-HOUR DISCUSSION

### PROPOSAL FOR TWELVE YEARS SECONDARY COURSE

SHRI SAMAR GUHA (Contai): Education is the most neglected, if not the most wretched, subject as we see today in free India after 25 years of independence. I have purposely used the word "subject"; I have not used the word "problem"

Education is not even considered to be a problem except in the academic sense. They consider it a problem because the Mudaliar Commission, the Radhakrishnan Commission and the Kothari Commission produced voluminuous academic literature but not to be implemented in reality. The result is today there is deterioration in the standard of educaion and quality of education, students and teachers. There is no clear idea as to the form, structure syllabus or objective of education. A modest suggestion was

made that at least 10 per cent of our national investment should be for the development of education. In the First Plan it was 7 per cent. It has decreased to 5.2 per cent in the Fourth Plan. In the Fifth Plan, the original allocation of Rs. 3,200 crores was slashed down to Rs. 2200 crores and I do not know whether in the final stages it would be reduced further. It was stated that for secondary education Rs. 600 crores would be allocated. But it has been reduced to Rs. 300 crores and I do not know whether it will remain at that figure or will go down further. It is a question of perspective.

The planners and those who preside over the destinies of our people feel that it is the hand that moves the mind. They forget that it is the mind that moves the hands. If the mind moves the hands and if the hands become really effective then those hands can produce more in fields and factories. Therefore, the basic question is the development of human quality human intelligence, human initiative, human outlook, human honour and human sense of dignity. That is the ultimate motive force that can really propel the country to its cherished goal of national development.

The father of Indian national planning, Nataji Subash Chandra Bose, in 1938 in his presidential address in Haripuri Congress laid special emphasis on development of education, outlining the objective of national planning. In 1944 he made a historic speech in Tokyo University outlining the planning perspective of free India. You will be surprised that he gave second priority to education, next only to national security. Agricultural and Industrial development came after education. But in our country in the last 25 years education has been not only neglected but has almost become a wretched subject and is not even considered as a problem by the Government.

The total number of middle schools in the country is 89,000 and higher secondary schools 36,000. According to the fifth plan estimate, the total number of students will be 3.19 crores. In 1978 the expenditure per head per year for higher secondary education will be around Rs. 43! This is the poorest allocation made for development of education, compared to even other underdeveloped or developing countries. Only for higher secondary education, the amount spent per person per year in 1967 was 4530 dollars or Rs. 38,000 in USA, 320 dollars or Rs. 2240 in China, 501 dollars or Rs. 3500 in Japan and so on. But after the end of our glorious fifth plan, in 1978 the expenditure in India per head per year will be about Rs. 43! This shows the lack of perspective in the framing of our plans. As I said, it is the mind that moves the hand; it is not the hand that moves the mind. Education is the soul and motive force of progress. Unfortunately this basic perspective has been lost by the framers of our plan.

According to the national policy of education adopted by this House, the structure is secondary 2 years, higher secondary 3 years and 3 years degree course. But there is no uniformity in the country in this regard. In one State it is a 10 year course, intermidiate or junior college and 3 years degree college or 2 years degree college. In another State, it is something different. There is no uniformity. There have been so many discussions and seminars. The Government will say, it is a State matter. But it is a concurrent matter. States draw quite a reasonable amount of resources from the Centre. So, the Centre also can do something. They can also have their own compulsion upon creating an infra-structure for the secondary and higher secondary education.

Here, in the Report of the Standing Committee of the Central Advisory

[Shri Samar Guha]

Board of Education, they say:

> "There is no objection to the two-year stage after Class X being located in institutions called junior colleges. But where they are called junior colleges as in Andhra or Kerala or intermediate colleges as in U.P., one point should be clear: They are a part of the school stage and will have to be treated as such."

If they are treated as a part of the school stage and they should be considered as higher secondary schools after X Class, under no circumstances, they should be allowed to be termed as colleges. There is a different psychology of school students and the psychology of college students is completely different. The staff structure is different; the institutional structure is different.

In West Bengal, there was the 11-year course. This year, they have reverted to the 10-year course. They are considering about setting up junior colleges. They could convert those 11-year course schools into 12-year course higher secondary schools, instead of bringing up that idea of setting up junior colleges. The more you bring that idea of having colleges, the more difficulties there will be. There is a lot of difference in the matter of pay-structure of teachers. These schools teachers will be immediately called as professors. There will be the difficulty of institutional structure; there will be the difficulty of pay-structure; there will be the difficulty of staff structure.

What is happening in West Bengal? All those undergraduate colleges are making a provision for allowing junior colleges to be located in those institutions. This will create lot of difficulties. Therefore, I say, the Government must make it perfectly clear. The idea of having junior colleges, the intermediate colleges, must not be allowed. They say that this should be treated as a school stage, not as a college stage. The whole objective it so make a selective choice of meritorius students at the under-graduate stage, at the university stage. Not only institutional structure but also staff-structure pay-standard from and all that is different in colleges from that of school-stage or higher-secondary stage institutions. For school stage education, you make the responsibility of the States. But for colleges. The idea of institutional strucponsibility to the U.G.C. Why this ambivalence that that may be considered as school stage, and at the same time, they should be termed as colleges The idea of institutional structure for higher secondary education should be made clear.

Then, about the vocationalisation of education, the multi-purpose scheme of education has miserably failed. The scheme has not got the job-orientation. On the contrary even in the case of multi-purpose schools, the students try to rush from rural areas to urban areas to become clerks. They become, not professionals or they develop a tendency to create a job for themselves, only to increase the number of clerks and other job-seekers. The main purpose of the multi-purpose scheme has failed miserably.

You have to draw out a realistic scheme. I want to know from the Government whether they have drawn out a realistic scheme of vocationalisation of education. What practical, concrete, realistic steps have been taken to draw out a clear-cut scheme so that the students, after completing the higher secondary education, do not run after clerical jobs but they try to find some jobs of their own in agriculture, in industry and in other spheres. and that they do not just become Third Divisioners and try to get into colleges to just become clerks.

About curricula and syllabus, there is no uniformity whatsoever. You go to any State. It is absolutely different in different States. If a student has to get a migration certificate there is a lot of difficulty. There is one type of certificate in the State and another type of certificate in another State. The curricula and syllabus is completely

different. There is a school certificate examination in one State and there is something else in another State. They have their own curricula and syllabus.

It is good that the Government have set up the N.C.E.R.T. to draw out a model curricula and also a model text-book. I have gone through some of the text-books. I have myself written some of the text-books. There is a good attempt but it is not so a model attempt; it is not so a commendable attempt. Most of those who are writing these model books are professors. If you really want to make model textbooks and uniform curricula all over the State—it is absolutely necessary because I feel that in the All India Medical Service examination, All India Engineering Services examination, etc., there is lot of difficulty; because the curricula are not the same, the syllabi are not the same, there is lot of difficulty—if you really want to prepare model type of text-books and model type of curricula, you should have a seminar with the professors with whom you have entrusted the work of writing the books, with those teachers who have experience in that, a good seminar, and out of that seminar a real plan may be evolved for preparing the model type of text-books.

Another point is this. Now I find that a new subject has been introduced —the history of freedom movement. In West Bengal from this year it will be introduced. I think, it will be introduced in other States also. That is absolutely necessary because one dangerous thing that is developing in the country is that, in all the regional conflicts, all the communal conflicts, all the linguistic conflicts, all the agitations, if you take a survey, you will find that 80 per cent of those who are the active participants are the students. The students are the future of our country; students constitute the largest percentage of our population. They are the future of our country, and if they develop a perochiel and regional outlook. India will be turn as under. Therefore, they must get themselves acquinted with the history of our freedom movement; the spirit of sacrifice, the spirit of dedication, the spirit of service, the spirit of patriotism, has to be included in them. That is the inspiration that you draw from our freedom movement. At the same time, particular emphasis must be laid on developing the concept of national integration.

In this connection I want to say that your national scholarship scheme is good. But what you have done there is that, suppose a boy has come through the All India competitive examination for national scholarship, if his parents have on income of Rs. 500 or more per month, then he is not allowed the scholarship. That is wrong, because if a person has an income of Rs. 500 and has three or four children, then it is impossible for him to maintain them. My boy also came on merit in the competitive examination, but he is being denied because of that condition. Therefore, Sir, I want that only on merit the national scholarship should be given; it should not be linked with the income of the parents. To develop the concept of national integration, those students who get the national scholarship should be allowed to have a free *Bharat Darshan*.

If you really want education to be meaningful, you should provide for tutor-type of teaching. That is the position now. In our days, Mr. Chairman, the home task used to be so important. Now home-task is not there. Home-task and tutor-type of teaching must be introduced. At least 40 per cent of the marks should be given for class work and 60 per cent for the written examination.

I also want to say that Government should also take advantage of the new technique of education through radio and projector. It is not very costly. Education can be provided through radio and projector. With the help of

[Shri Samar Guha]

film they can do. Here I would point out one thing. One of the reasons why the students are getting indisciplined and are losing the concept of character is the vulgar type of film; it is a dangerous infection; our student community is getting diseased by this vulgar type of film. I would ask the Minister of Education to consider this. I had a talk with the Minister of Information and Broadcasting also. Some kind of a film for the children and the students in co-operation with the Eduaction Ministry and the Ministry of Inforamtion and Broadcasting should be developed so that the film becomes not only a means of imparting a genuine sense of culture and a sense of national integrity but also a instrument of education.

Lastly, I say that the future of our country and the whole concept of our socialism depends on how we catch the young minds and develop them. Socialism in the real philosophical sense is the culture of life. Socialism in the real sense is not the economic concept, not even the political concept. If you want to really bring in socialism in a democratic set-up, education, and education is the basis education is the inspiration. If you impart education and through it, impart the idea that socialism is the culture of life, then only in the democratic set-up there can be the real and right type of socialism.

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): I am glad that my friend, Shri Samar Guha has raised this question about the new pattern of 10+2+3 for discussion in this half-an-hour discussion.

The Minister in his original reply on 12th November, 1973 had said that to adopt a uniform pattern of education, the State Governments, the Union Territory administration and the Universities were considering this matter. The main basis of this new type of pattern of education is firstly to help vocationalise the higher secondary stage and secondly, to help materially in reducing the pressure on higher education. These are the two main things. Therefore, while formulating my questions, I want to invite the attention of the Minister to the recommendations of the Central Board of Secondary Education.

My point is that in order to implement this new pattern honestly and fully and to achieve this twin purpose to which I have already made a reference, the curricular for the Class XI and XII of the Secondary Education must be properly looked into and changed. Teachers must be properly trained and also buildings and facilities must be provided well in advance. Therefore, in order to diversify the higher secondary stage and in order to relieve the pressure on higher education and divert the students from unnecessary degree-holding to useful jobs, my questions are:

(1) Have the Government carefully considered all these issues and have they made up their mind to go surely and certainly in this direction?

(2) If so, with what speed have the State Governments and Union Territories and the Universities agreed to this proposal and if so, how many of them have agreed and how many have not agreed and waht are the objections they have raised?

(3) Are good, adequate funds allotted for this?

(4) Are new course being thought of and teachers given the necessary specialised training?

(5) Are more polytechnics—this is most important—being created in the country?

(6) Finally, are the Education Ministry and the Planning Commission functioning in close co-operation and understanding with regard to this

main problem of vocationalising our higher secondary schools so that the pressure on higher education is relieved and the problem of educated unemployment ceases.

These are my questions and hope the Minitser will try to answer them as satisfactorily as he can.

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) सभापति महोदय, क्या यह सच है कि बिहार में प्राथमिक से ले कर डिग्री कोर्स तक कुल 15 साल का पाठ्यक्रम है और उत्तर प्रदेश में 14 साल की पढ़ाई की व्यवस्था है; यदि हां, तो केन्द्रीय शिक्षा परामर्शदात्री समिति ने जो 15 साल के पाठ्यक्रम का सुझाव दिया है, उस का क्या कारण है ? सरकार जिस उद्देश्य को पूरा करना चाहती है, क्या एक साल कम रहने से, यानी 14 साल में, वह पूरा नहीं होगा ?

किन किन राज्य सरकारों, केन्द्र-शासित प्रदेशों की सरकारों और विश्वविद्यालयों ने केन्द्रीय शिक्षा परामर्शदात्री समिति के सुझावों पर अपनी राय सरकार के पास भेज दी है और मुख्य रूप से उन की राय का ब्यौरा क्या है ?

15 साल का जो पाठ्यक्रम बना है, क्या उस के बारे में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों और कालेजों के स्तर पर काम करने वाले शिक्षक संगठनों से कोई राय ली गई है; यदि हां, तो उन की क्या प्रतिक्रिया है ?

क्या यह सच है कि बिहार के शिक्षक संगठन बहुत दिनों से इस बात की मांग करते रहे हैं कि पूरे हिन्दुस्तान में समान पाठ्यक्रम बनाया जाये ?

क्या यह सच है कि अभी हाल में पाठ्यक्रमों में साम्प्रदायिक प्रचार की बातों को ले कर बिहार विधान सभा में हंगामा किया गया था, जिस की वजह से बिहार सरकार को कुछ किताबों पर रोक लगानी पड़ी है ?

क्या शिक्षक संगठनों ने पूरे हिन्दुस्तान में एक समान वेतनमान नीचे से ऊपर तक के शिक्षकों को उन के काम के मुताबिक समान वेतन—की मांग की है; यदि हां, तो इस बारे में सरकार का क्या कहना है ?

**सभापति महोदय** : यह सवाल इस समय कैसे उत्पन्न होता है ?

**श्री रामावतार शास्त्री** : होता है । शिक्षक पढ़ाते हैं । अगर वे लोग संतुष्ट नहीं रहेंगे, तो फिर चाहे 15 साल के बजाये 20 साल का पाठ्यक्रम कर दिया जाये, उस से कोई लाभ नहीं होने वाला है । अन्य माननीय सदस्यों ने भी इस प्रकार से कई प्रश्न किये हैं । आप को इस प्रकार की लक्ष्मण-रेखा नहीं खींच देनी चाहिए कि 12 वर्षीय पाठ्यक्रम के अलावा कोई और सवाल न पूछा जाये ।

शिक्षक संगठन और अन्य लोग भी इस बात की मांग करते रहे हैं कि नीचे से ले कर ऊपर तक शिक्षा का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाये, क्योंकि इस समय प्राइवेट मैनेजिंग कमेटियां हैं, वे धींगा-मुश्ती करती हैं और शिक्षकों को सताती हैं । इस बारे में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

**शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप-मन्त्री (श्री डी० पी० यादव)** : सभापति महोदय, श्री समर गुह एक माननीय शिक्षक भी हैं । शिक्षा के प्रति उन की आस्था, उन के उद्गार, उन का चिन्तन और उन की चिन्ता हमारे लिए सोचने का विषय है ।

[श्री रामावतार शास्त्री]

मैं कभी इस सिद्धान्त में विश्वास नहीं करता हूं कि विपक्ष के लोग जो कुछ भी कहें, हम उस का इस लिए विरोध करें कि वह विपक्ष की ओर से कहा गया है। अगर सुझाव ठोस हो, मौलिक हो और निर्माणकारक हो, तो सरकार को उसे एडाप्ट करने में कोई भी हिचक नहीं होनी चाहिए।

श्री समर गुह से इस सदन में, और बाहर भी, शिक्षा के सम्बन्ध में मेरी चर्चायें हुआ करती हैं। उन्होंने अच्छी अच्छी किताबें लिखी हैं। वह और लिखने का प्रयास भी करते हैं। यह इस बात का परिचायक है कि श्री गुह को आन्तरिक मन में यह चिन्तन है कि शिक्षा में उन्नयन हो, क्रान्ति हो। उन्होंने आज जो विषय उठाया है, वह बड़ा सामयिक लगता है। हम पंच-वर्षीय योजना की पूर्वाह्न वेला में हैं। और हमारा आगे पांच साल का जो कार्यक्रम बनेगा मुझे तो ऐसा अनुभव होता है कि शायद इस पंच-वर्षीय योजना में अगर हम ने शिक्षा का कुछ ऐसा सुधार किया तो हमारी एकोनामी अपने आप सुधार जायगी। मैं गुह साहब की इस बात से परिचित हूं। लेकिन हमारी जो लाचारी है वह भी मैं उन से निवेदन करना चाहूंगा कि आप की पार्लियामेंट को जो पावर्स है, केन्द्र सरकार को जो शक्ति है, उस के जो दायरे हैं जैसा शास्त्री जी ने कहा आप ने लक्ष्मण रेखा बना दी है तो हम लोगों के लिए तो लक्ष्मण रेखा जरुर होती है, उस रेखा का उल्लंघन करना हमारे लिए और आप के लिए भी कष्टदायक होगा। शास्त्री जी बहुत सी चीज इस सदन में बोलते है, वही चीज अगर पटना में आ कर वह बोलेंगे तो शायद कुछ लोग नाराज होंगे। .....

**श्री रामावतार शास्त्री** : होने दीजिए।

**श्री डी० पी० यादव** : वहां शास्त्री जी कुछ बात बदल देते है।

**श्री रामावतार शास्त्री** : तो आप ने मेरे कैरक्टेर को देखा ही नहीं।

**श्री डी० पी० यादव** : यह विषय राज्य का है यह विषय केन्द्र का है, यह कान्करेंट है, यह बात हजारों बार इस सदन में उठाई गई और कांस्ट्रीटूयशन के पंडित लोग एक एक शब्द, एक एक अक्षर के ऊपर अपना अपना विश्लेषण करते हैं। मैं चूंकि ला-ग्रेज्यूएट भी नही हूं और ज्यादा मेरा कांस्ट्रीट्यूशन का अध्ययन भी नहीं है, इसलिए मैं ज्यादा उस जाल में नहीं फंसना चाहूंगा। लेकिन एक बात मैं कहना चाहूंगा कि जो हमारी सीमा है, हमारी जो रेखा है उस को हम पार न करें। हायर एजूकेशन जो आप का है उस में भी आपको-आर्डिनेटर हैं। हायर एजूकेशन भी आप के पास नहीं है। सिवाय दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी तथा कुछ आई आई टी इत्यादि को छोड़ कर हमारे पास सीधा कंट्रोल उस क्षेत्र में नहीं है। कमीशन बैठा। कलकत्ता यूनिवर्सिटी कमीशन 1917–18 में संभवत: बैठा था। उस के बाद यूनिवर्सिटी एजूकेशन कमीशन 48–49 में बैठा। फिर 1964–65 में कोठारी कमीशन बैठा और इन सारे कमीशनों ने यही रेकमेंड किया कि हम कम से कम एक पैटर्न आफ एजूकेशन अगर एक कर ले तो एक कदम हम आगे बढ़ेंगे। 10+2+3 यह सारे के सारे कमीशनों ने रेकमेंड किया। अत: यदि हम लेट भी पहुंचे तो कोई हर्ज नहीं है। आज भी अगर हम मुस्तैदी के साथ इस रेकमेंडेशन को इम्प्लीमेंट करें तो कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। गुहा साहब शिक्षक रह चुके हैं बहुत से छात्रों के अपराध को वह माफ करते हैं इसलिए अब देखना यह चाहिए कि इम्पलीमेंटेशन में कठिनाईयां क्या है? आपने अभी बात की कि आप टाइट

कीजिए । हम टाइट करने में आप का भी सहारा खोजते हैं । स्क्रू- ड्राइवर को पकड़ते है, बगल में एक स्क्रू-ड्राइवर को आप पकड़ते हैं तो घबड़हाट में वह चल ही नहीं रहा है । जब हम टाइट करना चाहते हैं तो उस नट को तो कई बार वह नट ही नहीं होता वहां पर। वहां हम को परेशानी होती है। (व्यवधान) नट को बदला नहीं जा सकता । हिन्दुस्तान का जो स्ट्रक्चर है उस को आप बदल नहीं सकते । इसी परिप्रेक्ष्य में आप को काम करना होगा । शासन चलाने की ही सिर्फ बात नहीं उठती, सारे लोगों को अपने साथ ले कर चलना होगा ।

**श्री समर गुह** : आप का पूरा कंट्रोल है, सिर्फ गोवा और तामिलनाडू को छोड़ कर बाकी सब जगह आप का पूरा कंट्रोल है ।

**श्री डी० पी० यादव** : एजूकेशन कमीशन ने जो कहा था वह मैं उद्धृत करता हूं :

"At the school stage, it will not be possible to bring about an absolute uniformity in curriculum in all parts of the country and variations will continue. Some variations are also desirable because the curriculum has to be related to local environment. However, the broad trend to be encouraged should be to move in the direction of uniform curricula in all parts of the country subject to such limitations as might arise out of the environment, etc."

यह एजूकेशन का सारा का सारा निचोड़ है । तो हम लोग इसी परिप्रेक्ष्य में काम करने को चलें, हम इस से आगे बढ़ने को तैयार नहीं है, तब तक आप के पास क्या कंट्रोल रह जाता है ।

आप प्राइमरी एजूकेशन को फीड करते हैं । जो कमी राज्य सरकार को होती है उस को फीड करते हैं । उस के लिए आप ने जो हमारी वकालत की है, हमारे मंत्रालय की वकालत की है, हम उस के लिए अनुगृहीत है, आप के क्योंकि हम को जितना भी पैसा मिले उतनी ही सुविधा होगी, तो इस बिन्दु पर हम आप का विरोध क्यों करें ? अच्छा होगा कि आप अधिक से अधिक पैसा हम को दीजिए और दिलवाइए। सिर्फ पार्लियामेंट से ही नहीं, कुछ चन्दा वगैरहा कर के भी, पब्लिक डोनेशन भी आप हमको दिलवाइए तो हम आपके अनुगृहीत होंगे . . . (व्यवधान)...

उस में आप की भी मदद की आवश्यकता होगी, लोकल कांस्ट्रीब्यूशन जब हम को एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन के निर्माण के लिए चाहिए तो आप की मदद हम को चाहिए ।

यूनिवर्सिटी लेवल पर भी फिर मैं उसी बात को दोहराना नहीं चाहता । अब सवाल एक यह पैदा होता है कि हम लोग इस बात को मान चुके हैं । आप ने जो उदाहरण दिया है सी०ए० बी० उस पर हम अड़ने के लिए तैयार हैं और हम ने सोच लिया है कि हम उस पर अड़ेंगे । लेकिन अड़ने का यह मतलब नहीं है कि हम किसी पर अंकुश लगा सकते हैं । रिक्वेस्ट ही करना होगा, परसुएशन करना होगा । परसुएशन कई बिन्दुओं और कई रास्तों से करना होगा । हम साल में दो बार शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन बुलाते हैं । उन में आग्रह करते हैं कि 10 2 3 आप पहले मान लीजिए । उस के बाद उन के डायरेक्टर्स की मीटिंग बुलाते है, उन से कहते हैं कि शिक्षा मन्त्री जी को कुछ और भी काम हो तो आप थोड़ा उस में पुश दीजिए । इतना ही नहीं, उन के सेक्रेटरीज की मीटिंग बुलाते हैं । फिर एन सी ई आर टी के माध्यम से जो हम मीटिंग करते हैं. . . .

**श्री रामावतार शास्त्री** : खराब किताब छपी है ।

**श्री डी० पी० यादव** : शास्त्री जी, मान लिया कि किताब खराब है । हम ने एक हजार किताब छापी और एक या दो किताब

[श्री डी० पी० यादव]

गलत है तो आप इंगित करते पर उस किताब की खराबी को तुरंत हम ने मिटाया है। ऐसी बात नहीं है कि हम ने उसे ठीक नहीं किया है। एकेडेमिक कम्यूनिस्ट उस किताब को लिखती है और यह आप का भी काम होता है कि आप हम को तुरंत प्वाइंट आउट करिए। हजारों किताबें अब पब्लिश होने लगी है और आप को यह भी ताईद करनी होगी कि एन सी आई टी की प्राडूयस्ड बुक्स सिर्फ, अपने देश में ही नहीं विदेशों में भी जाने लगी है। गुहा साहब ने जो कहा, आज में उन को निमंत्रित करता हूं, शास्त्री जी को और मावलकर जी को भी निमंत्रित करता हूं आप लोग इंटररेस्टेड हैं तो हमारे साथ एन सी आई आर टी चलिए, एक दिन, दो दिन जितना भी समय लगे लोग उस में लगाएं। यह निर्माण की बात है। कोई विनाश की बात आप नहीं कर रहे हैं, निर्माण की बात कर रहे है, आप हमारी मदद कर रहे हैं। आप एन सी आई आर टी चलिए। हमारी खामियां हों, उस में उसी समय बेस आर नो हम लोग करें कि यह गलत काम है। कितना लिखते समय अगर आप लोग इस के लिए तैयार हो जाये कि पार्लिया-मेंट के वे सदस्य जो स्कूल एजूकेशन और हायर एजूकेशन में इन्टेरेस्टेड, हैं वह किताब का प्रारुप पहले देखना चाहेंगे तो हम उस के लिए भी तैयार हैं। अगर जरुरत पड़े तो हम सारी सुविधा प्रदान करेंगे अगर हम को किताब लिखने में माननीय सदस्य की सहायता प्राप्त हो सके। हम आप को एन सी आई आर टी में आमंत्रित करते हैं। एन सी ई आर टी की अचीवमेंटस क्या है इस को बताने में समय बहुत लग जायेगा। ज्यादा न कह कर मैं इतना ही कह सकता हूं कि शुरू में कुछ खामियां इस में हो सकती थीं। लेकिन अब यह एक अच्छा संगठन बन चुका है। आप हमारी मदद कीजिए। हम आप को आश्वासन देते हैं अपनी और से, मंत्रालय की ओर से निर्माण के हर काम में हम आप का साथ देगें चाहे हमारे और आप के विचार राजनैतिक दृष्टि से अलग हों, हम अलग हो सकते हैं राजनैतिक दृष्टि से, हमारी अप्रोच अलग हो सकती है, लेकिन आगे आने वाली जो पीढ़ी बच्चों की होगी वह हमारे और आप के विचारों से सहमत नहीं भी हो सकती है। संभव है आप का लड़का आप के विचार से सहमत न हो। लेकिन राष्ट्र के निर्माण की बात जब उठेगी तो आप का लड़का हमारा लड़का, बच्चे जितने भी हैं, सब एक हैं, और उन बच्चों के निर्माण के लिए जितनी भी शक्ति लग सके उन तत्वों के निर्माण में जो उन को बनाने में सहायक होतें है, वह हम लागाएगें और उस में हम को खुशी होगी।

रह गई बात पैटेर्न आफ एजूकेशन की। शास्त्री जी ने भी कहा है कि पैटर्न आफ एजूकेशन होगा क्या? तो यह तो एक लिखी हुई चीज है—किस किस राज्य में कैसे किया है, अगर मैं पढ़ू तो उस में समय लगेगा। यह मेरे पास लिखित नोट है। आप अगर चाहें तो में यह नोट आप को भेज दूंगा जिस में कि हर एक राज्य को दिया है। वह आप जो चाहें तो मुझे खत लिख दीजिएगा मैं वह सारी इन्फार्मेशन दे दूंगा कि किस राज्य में अभी क्या है। उस में जो मंत्री आये थे, सैक्ट्रीज आये थे, उन्होंने क्या सुझाव दिये, हम ने क्या सुझाव दिये, सब उसमें लिखा हुआ है। सब राज्यों ने इन को मान लिया है, लेकिन इस में परसुएशन की जरूरत है।

शास्त्री जी ने एक बहुत अच्छी बात कही है—क्या आप इस में टीचर्स एसो-सिएशन का इन्वाल्वमेंट रखते हैं? आप को यह जान कर खुशी होगी कि हम ने सारे देश में प्राइमरी स्कूलों के जितने शिक्षक संघ हैं, उन के प्रेजीडेन्ट, सैक्ट्री तथा उन की एक्जीक्यूटिव कमेटी के एक दो मैम्बरों को बुलाया था, उनको 8 दिन

एन० सी०टी० में रख कर हम ने सब कुछ बताया कि हम क्या कर रहे हैं, सब कुछ उन के सामने एक्सपोज किया कि हम ने क्या धरोहर बनाई है और क्या क्या वे यहां से ले जा सकते हैं। मैं इस सिद्धान्त में कतई विश्वास नहीं करता कि हम नये नये किटस बना कर रखते जायें और उन पर कोई काम न हो। आप ने हमारी एनुअल रिपोर्ट में देखा होगा कि हम 3 करोड़ रुपया इस काम पर खर्च कर रहे हैं। प्राइमरी स्कूलों के बाद हम सैकन्डरी स्कूलों के सारे शिक्षक संघ के लोगों को बुला रहे हैं और यदि हमारे पास पैसा हुआ तो हम हर जिले के हर एक शिक्षक संघ के लोगों को, वे चाहे किसी भी पार्टी से संबद्ध क्यों न हों, बुला कर उन के सामने सारी चीजों का एक्सपोज करेंगे।

इस कार्यवाही से एक बात जरूर हुई है कि सारे शिक्षक समुदाय ने इस को सराहा है। संभव है हम उनको एन०सी०टी०डी०ए० न दे सकेंगे। हमने उन से कहा कि हम तो थर्ड क्लास का आधा फेअर दे सकेंगे, हम ने उन से यह भी कहा कि हम आप को सिर्फ खाना दे पायेंगे, लेकिन उन्होंने बड़े उत्साह से कहा कि हम खाना लेकर भी इस काम को करेंगे, हमारा पूरक इन्वालवमेंटस इस में रहेगा। अगर प्राइमरी और सैकण्ड्री स्टेज तक यह काम हो जाये तो हमारा ऐसा अनुभव है कालिज एजूकेशन अपने आप मिल्ड-अप हो जायेगी।

जहां तक वोकेशनल इजेशन का सम्बन्ध है—हम जिस ट्रेडीशन में पले हैं, जिस फैमिली से आये हैं, मेरा शत-प्रति-शत विचार है—सब से पहले एग्रीकल्चर, उस के बाद एग्रीकल्चर-बेस्ड इण्डस्ट्रीज, उस के बाद इण्डस्ट्रीज और फिर बड़े बड़े उद्योगों में जा सकते हैं। मैंने यह सोचा है कि हम एग्रीकल्चर को भी एक्सपोज करें। इस के लिये एक छोटा से कोर्स हम ने बनाया है और मैं यह भी बतलाना चाहता हूं कि शिक्षक संघ के लोगों को कुछ एग्रीकल्चर यूनीवर्सिटीज में भेजेंगे, उन इंस्टीचूशन्ज में उन को 3–4 या 5 दिन की ट्रेनिंग डेअरी-फार्मिंग तथा इन से सम्बन्धित अन्य विषयों पर दी जायगी। एग्रीकल्चर का क्षेत्र बहुत विशाल क्षेत्र है और आज राष्ट्र-स्वाभिमान के लिये एग्रीकल्चर कितना इम्पार्टेन्ट है, इस में एक मोटिवेशन की आवश्यकता पड़ेगी, जब तक मोटिवेट नहीं कर लेते तब तक ज्यादा प्रगति नहीं होगी। मेरी दृष्टि में यह मूल भूत सिद्धान्त है।

पर-कैपिटा एक्सपेन्डिचर के लिये गुहा साहब ने कहा—मैं उन को करैक्ट कर देना चाहता हूं। हम गरीब हैं इस में दो राये नहीं हैं, लेकिन इतना फर्क नहीं है—

The estimated recurring expenditure per student per year at the PUC/Intermediate/Higher Secondary stage as of now is Rs. 350/-, while that at the under-graduate statge is Rs. 991.

आप के सामने फिगर्स मैंने रख दी हैं—अगर इन फिगर्स में कहीं कन्ट्रावर्सी हो, तो हम आपस में बैठ कर डिमाइड कर लेंगे....

**श्री समर गुह** : हिन्दुस्तान में सारी दुनिया के मुकाबले बहुत कम है।

**श्री डी० पी० यादव** : शास्त्री जी ने बिहार के बारे में बहुत चिन्ता व्यक्त की है। मैं भी बिहार से ही आता हूं—चिन्ता मुझे भी है, लेकिन निराश होने की कोई बात नहीं है। जितने मुद्दे यहां पर उठाये गये हैं, सब को मैंने थोड़ा थोड़ा टच किया है, फिर भी आप डिटेल्ज में जाना चाहें तो मुझे लिखें, मैं आप को व्यक्तिगत रूप से बता सकता हूं कि क्या क्या हुआ है और क्या हम करने जा रहे हैं।

**18.56 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, December 17, 1973/Agrahayana 26, 1895 (Saka).*

MGIPND—...